www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

1936 सत्य · सार्थक · सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार

1 नवंबर 2025, कार्तिक शुक्ल पक्ष, एकादशी, विक्रम सम्वत् 2082, लखनऊ

नगर संस्करण • पांच प्रदेश • 23 संस्करण

शी जिनपिंग ने कहा, मुक्त व्यापार समझौते पर सहयोग बढ़ाना होगा

यूपी में मेडिकल की 1221 सीटें बढ़ीं

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश में एमबीबीएस और पीजी (एमडी/एमएस) की कुल 1221 सीटें बढ़ी हैं। इनमें एमबीबीएस की 950 एमबीबीएस और पीजी की 271 सीटें शामिल हैं। इस बढ़ोतरी के साथ अब प्रदेश में एमबीबीएस की कुल 12,800 सीटें और पीजी की 4,297 सीटें हो गई हैं। इससे प्रदेश में कुशल चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी।

सत्र 2024-25 में प्रदेश में एमबीबीएस की 11,850 सीटें थीं, जिनमें सरकारी क्षेत्र की 5,250 और निजी क्षेत्र की 6,600 सीटें शामिल थीं। अब सत्र 2025-26 में 200 नई सरकारी और 750 नई निजी सीटों की मंजूरी मिली है। जहां तक सरकारी सीटों का सवाल है तो अमेठी के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 100 और वाराणसी व नोएडा के ईएसआईसी कॉलेज को 50-50 सीटें मिली हैं।

इन निजी कॉलेजों में बढ़ीं 750 सीटें

1. एरा मेडिकल कॉलेज, लखनऊ	50
2. नेशनल कैपिटल रीजन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मेरठ	50
3. इंटीग्रल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ	50
4. श्री सिद्धि विनायक मेडिकल कॉलेज, सम्भल	100
5. नारायणा मेडिकल कॉलेज, कानपुर	100
6. केएमसी मेडिकल कॉलेज, महराजगंज	50
7. श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली	50
8. कृष्णा मोहन मेडिकल कॉलेज, मथुरा	50
9. अजय सांगल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, शामली	50
10. श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर	50
11. एफएच मेडिकल कॉलेज, आगरा	100
12. एसकेएस मेडिकल कॉलेज, मथुरा	50